मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 184, मुंबई, सोमवार, 4 सितंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर
शुध्द घी में बना
केसरीया
घेवर
काजु कतरी, काजु रोल, बदाम बर्फी,
बदाम रोल, केसर पेडे, पिस्ता लॉज,
मिलेगा.
MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501 98208 99501



# पूरे महाराष्ट्र में लाठीचार्ज की गूंज... कई जिले-शहर बंद, शिंदे सरकार आज लेगी बड़ा फैसला

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा प्रदर्शनकारियों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ पूरे राज्य में गुस्से की लहर है। इस घटना के चलते मराठा आरक्षण आंदोलन ने जोर पकड़ ली है। मराठा आरक्षण के मुद्दे पर आज दोपहर में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में अहम बैठक होगी।

मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र कैबिनेट उपसमिति की बैठक आज दोपहर 12 बजे होगी। बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शामिल होंगे। जालना जिले के अंबड तालुका के अंतरवाली सराटी गांव में शुक्रवार को पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था। जालना पुलिस की कार्रवाई के विरोध में आज मराठा समुदाय ने राज्य के कई हिस्सों में बंद बुलाया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# पवई में 24 साल की एयर होस्टेस की हत्या

## गला रेत कर उतारा मौत के घाट, आरोपी फरार

**मुंबई।** मुंबई में अपराध की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। मुंबई के पवई इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां एक 24 वर्षीय एयर होस्टेस की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी। मृतका का शव उसके फ्लैट से बरामद किया गया है। शुरूआती जाँच में पता चला है कि मृतक युवती एक एयर लाइन्स कंपनी में एयर होस्टेस थी। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मृत लड़की का नाम रूपल ओगरे है। वह छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर) की मूल निवासी थीं। फिलहाल वह मुंबई के मरोल इलाके की एक बिल्डिंग में किराये के फ्लैट में रह रही थीं। उसके साथ उसकी बहन और अन्य फ्लैटमेट्स भी थे। हालाँकि वारदात के समय रूपल अकेली थी। (शेष पृष्ठ 3 पर)



## मराठा आंदोलन इफेक्ट

# जालना को मिला नया एसपी

### सीएम शिंदे बोले- हम आरक्षण दिला कर ही दम लेंगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस लाठीचार्ज की घटना की गूंज पूरे राज्य में है। इसका असर महाराष्ट्र के कई जिलों में दिख रहा है। कुछ जगहों पर मराठा प्रदर्शनकारियों ने आगजनी भी की हैं। उधर, मराठा आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है।

जालना जिले के अंबड तालुका के अंतरवाली सराटी गांव में शुक्रवार को हुई घटना के बाद अब शिंदे सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। खबर है कि गृह मंत्रालय ने जालना जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तुषार दोशी को अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया है। दोशी की जगह अब आईपीएस अधिकारी शैलेश बलकवडे जालना के नए एसपी नियुक्त किये गए है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



# भिवंडी में दो मंजिला मकान ढहा

## एक ही परिवार के 2 लोगों की मौत, 5 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर के गौरीपाडा इलाके में आधी रात के करीब एक दो मंजिला मकान अचानक ढह गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। इससे इलाके में हड़कंप मच गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

जानकारी के मुताबिक, भिवंडी शहर के धोबी तालाब इलाके में दुर्गा रोड पर स्थित छह फ्लैट व ाले एक मंजिला इमारत बीती रात भरभराकर गिर गई। भिवंडी फायर ब्रिगेड की टीम ने आधी रात को बचाव अभियान शुरू किया जो करीब तीन घंटे तक चला। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

### तो मिसाल पेश कीजिए!



**राष्ट्रपति का पद दलगत राजनीति से ऊपर माना जाता है। अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति का भी सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान होता है। उन्हें एक ऐसी समिति से जोड़ना, जिसकी सिफारिशें विवादास्पद भी हो सकती हैं, इस पद के लिए अपमानजनक माना जाएगा।**

वन नेशन- वन इलेक्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुराना नारा रहा है। इसके पीछे उनकी जो सोच है, उसको लेकर बेशक कई सवाल उठाए जा सकते हैं। लेकिन अगर उन प्रश्नों को फिलहाल छोड़ दें कर हम उनकी सरकार की ताजा पहल के औचित्य पर बात करते हैं। यह सुनकर हैरत हुई एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव की संभाव्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। इसके पहले ऐसा कभी नहीं सुना गया कि अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति को किसी सरकार ने ऐसी समिति से जोड़ा हो, जो अंततः उसके प्रति उत्तरदायी होगी। राष्ट्रपति का पद दलगत राजनीति से ऊपर माना जाता है और अवकाशप्राप्त राष्ट्रपति का भी सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित स्थान होता है। उन्हें एक ऐसी समिति से जोड़ना, जिसकी सिफारिशें विवादास्पद भी हो सकती हैं, न सिर्फ उस व्यक्ति बल्कि इस पद के लिए भी अपमानजनक माना जाएगा। बहरहाल, सरकार यह चाहती है कि सारे चुनाव एक साथ हों। फिलहाल, जितना समय लोकसभा चुनाव में बचा है, उसे देखते हुए यह व्यावहारिक नहीं लगता। लेकिन इस सोच को अधिकतम संभव बनाने के लिए भाजपा एक काम कर सकती है। वह अपनी तमाम राज्य सरकारों को निर्देश दे सकती है कि वे तुरंत विधानसभाएं भंग करवा लें। उससे अधिकांश राज्यों में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव होने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। जब एक बार यह हो जाएगा, तो धीरे-धीरे अगले चुनाव कार्यक्रमों को इस तरह ढाला जा सकता है, जिससे पांच साल में प्रधानमंत्री का यह नारा विपक्षी सरकारों से बिना जोर-जबरदस्ती किए एक हकीकत बन जाएगा। हालांकि उसके बाद भी यह सवाल बना रहेगा कि अगर फिर बीच में कोई सरकार गिरी और वहां नई सरकार बनना संभव नहीं हुआ तो क्या होगा? या अगर कभी लोकसभा के ही मध्यावधि चुनाव की नौबत आ गई, तो उस हाल में क्या सिद्धांत अपनाया जाएगा? मगर ये भविष्य के प्रश्न हैं। फिलहाल, भाजपा अपने शासन वाले राज्यों में तुरंत चुनाव करवा कर एक मिसाल जरूर कायम कर सकती है। उसके ऐसे कदम से प्रधानमंत्री के नारे की नैतिक और राजनीतिक साख भी मजबूत होगी।

# मोदी जैसे तो नीतीश, खड़गे, ममता, केजरीवाल या स्टालिन मजे से, ज्यादा अच्छा राज करेंगे!

**चंद्रयान-तीन,** दिल्ली में जी-20 के शिखर सम्मेलन के शोरगुल ने भारत का भक्त व गंवार मानस में यह ख्याल पैदा किया हुआ है कि मोदी है तो यह सब मुमकिन है। इस अनुसार देश में मोदी जैसा दूसरा कोई है ही नहीं, खासकर विपक्षी एलायंस 'इंडिया' में तो कतई नहीं, जिसका नेता यदि प्रधानमंत्री बना तो भारत की गौरव गाथा ठहर जाएगी। निश्चित ही इस तरह से कोई दूसरी नस्ल नहीं सोचती है जैसे हम सोचते है। हमारी मनोदशा में सत्तावान, राजा या प्रधानमंत्री क्योंकि अवतार होता है तो उसकी कृपा से राशन है तो विकास है।उससे डर कर जीना है तो सुरक्षा औरनियति भी है। तभी नरेंद्र मोदी की वजह से हमारी चंद्रयान-तीन की सफलता है तो दिल्ली में जी-20 बैठक का अहोभाग्य बनॉ है! दरअसल गुलाम-गंवार दिमाग को यह सत्य बोध नहीं होता कि भारत का अंतरिक्ष अभियान, परमाणु अभियान, वैश्विक कूटनीति, जनसंख्यागत आकार और भूगोलजन्य क्षेत्र का भारत महत्व सदा से चला आ रहा है। जब आकार-प्रकार-भूगोल से विशाल है तो लूटने के मकसद में भारत पहले भी सोने की चिड़िया था और आज भी है तथा भविष्य में भी रहेगा। फिर भले लूटें मुगल, अंग्रेज, अडानी-अंबानी या चाइनीज या अमेरिकी। इन सभी के लिए सदा-सनातनी भारत सोने की चिड़िया था, है और रहेगा। लगातार का यह अनुभव है। बावजूद इसके नस्ल को क्योंकि गुलाम-गंवार अवस्था से सत्य नहीं बूझता तो वह जैसे राजा कहेगा वैसा मानेगा। नेहरूजी के वक्त भी सोने की चीडिया होने के गीत गुनगुनाते थे तो मोदीजी के वक्त हम अमृतकाल के अमृत कुंड में मदमस्त है। और इसका फायदा रूस और चीन ने उठाया है तो ट्रंप और बाइडन भी उठाते हुए है। यह गारंटीशुदा है कि भारत 150 करोड़ लोगों की भीड़ से दुनिया की नंबर एक आर्थिकी बने या नंबर दो या तीन वह अनिवार्यतः बहुराष्ट्रीय सोशल मीडिया कंपनियों, आईटी कंपनियों, व्यापारी कंपनियों, हथियार कंपनियों, शेयर बाजार के वैश्विक सटोरियों व देशी क्रोनी कंपनियों से सतत लूटा जाते रहना है। हथियार बेचने वाले फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों, अमेरिकी बाइडेन, रूसी पुतिन, चीन के शी जिनफिंग सभी भारत के प्रधानमंत्री को गले लगाएं, भारत आएं, भारत का बखान करें तो ऐसा उनके अपने निज स्वार्थों से है। भारत को उल्लू बनाते हुए है। दुनिया को पता है कि भारत की दुकान सबसे सस्ती है। भारत के प्रधानमंत्री को, नरेंद्र मोदी को



विश्व नेता, शांति मसीहा जैसे तमंगे दो, उन्हें राजभोग खिलाओ, उनकी दुकान चमकाओ और बदले में बेइंतहा कमाई का बाजार पाओ। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भी यह किया था तो चाइनीज कंपनियां भी यही करते हुए हैं।


सोचे ऐसा भारत नेतृत्व क्या विपक्ष दूसरे नेता नहीं कर सकते। मोदी के नेतृत्व में नौ वर्षों में ऐसा हुआ क्या जो नीतिश, खड़गे, केजरीवाल, ममता नहीं कर पाएं। मेंरे मौजूदा विश्लेषण में मोदी की कब्रिस्तान-श्मशान, पानीपत की तीसरी लडाई, जात-पांत की बाटों-राज करों की राजनीति का मुद्दा नहीं है बल्कि गर्वनेश व कूटनीति है। इसलिए इनके दायरे में सोचे तो विपक्ष का कोई भी एक्सवाईजेड नेता प्रधानमंत्री बने या खुद भाजपा से राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी या अर्जुन मेघवाल जैसा कोई भी प्रधानमंत्री बनें तो इनका क्या अपना कूटनैतिक शौशेबाजी से वैसा ही जलवा नहीं होगा जैसे मोदी का हम भारतीय मान रहे हैं। आखिर मोदी से पहले के पहले मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी या पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी की वैश्विक कूटनीति, उसके लटके-झटके, प्रोपेगेंडा-प्रचार का हम भारतीयों पर कोई कम जादू नहीं था। सोचें, क्या पंडित नेहरू का वैश्विक कूटनीतिक जलवा कम था? पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बनवाने वाली इंदिरा गांधी का वैश्विक रूतबा क्या कम था? क्या अटलबिहारी वाजपेयी ने उन्हे दुर्गा नहीं कहा था? यों नई पीढ़ी याकि 20 से 50 साल की उम्र के एकांगी पेशेवरों की रियलिटी निरपेक्ष गंवार अवस्था से हम लोगों के लिए सामूहिक तौर पर चालीस-पचास साल पुराने वक्त को याद करना संभव नहीं है। फिर नरेंद्र मोदी का पिछ्ले नौ वर्षों में प्राथमिक काम यही रहा है जो लोगों की याद्दाश्त को भुलाया या भ्रष्ट बनाया जाए ताकि अपने कथित अमृतकाल में लोग बेसुध रहे और यह माने कि उनके मुंह में विश्व दर्शन है और इसरो-चंद्रयान- जी-20 सब की वजह मोदी है। उन्ही से भारत कूटनीति शुरू और हुई और खत्म होगी। उनसे भारत का अमृतकाल आया है और हजार साल के भव्य भारत की नींव रख दी गई। उनसे पहले के प्रधानमंत्री तो फावड़ा ले कर खेत खोद रहे थे। जबकि जरा याद करें रियलिटी को। विश्व कूटनीति में नरेंद्र मोदी का कुल लबोलुआब यह है कि वे पहले बिना वीजा के थे और अब पुतिन-शी जिन पिंग, जेलेंस्की, बाइडन, मेक्रो जैसे अमीरों के जमावडे की बेगानी शादी में अब्दुल्ला दिवाना हैं। न इधर के और न उधर के। विश्व राजनीति में उनकी न नैतिक धमक है और न राजनीतिक व ताकत की धमक। ठीक विपरीत गांधी-नेहरू आज भी वैश्विक राजधानियों, कूटनीतिक-सियासी इतिहास के अविस्मरणीय चेहरे हैं। दुनिया के बहुसंख्यक देशों में निर्गुटता के आइडिया में नेहरू और इंदिरा गांधी ने जितने शिखर सम्मेलनों में भाग लिया या दिल्ली में उन्हें आयोजित किया, उसके आगे नई दिल्ली में जी-20 की बैठक का आयोजन बड़ी बात होते हुए भी अर्थहीन है। इसलिए क्योंकि नरेंद्र मोदी न तो सभी सदस्य देशों का सर्वसम्मत प्रस्ताव, घोषणापत्र बनवा सकते हैं न अपनी नैतिक धमक से यूक्रेन, वैश्विक खाद्यान संकट या जलवायु परिवर्तन पर पुतिन-शी जिनफिंग-बाइडेन को आमने-सामने बैठा कर वैश्विक पंचायत कर सकते हैं। विषयांतर हो गया है। असल मुद्दे पर लौटें। सवाल है क्या नीतीश, खड़गे, केजरीवाल यदि प्रधानमंत्री बनें तो भारत क्या जी-20 या विश्व कूटनीति में अछूत होगा? कतई नहीं। भारत में तब भी शिखर सम्मेलन होंगे। कोई प्रधानमंत्री बने वह विश्व कूटनीति करता हुआ होगा। प्रधानमंत्री शिखर बैठकों में जाएंगे। अमेरिकी संसद में भाषण करेंगे। व्हाइट हाउस में राजभोज होगा। नीतीश कुमार का बाइडेन मन से स्वागत करेंगे क्योंकि उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के आइडिया में नीतीश कुमार का सामाजिक न्याय फिट बैठता है। नीतिश की कूटनीति दुनिया में भी सोशल इंजीनियरिंग के फलसफे लिए हुए होगी। वही कल्पना करें यदि मल्लिकार्जुन खड़गे प्रधानमंत्री हुए तो उनके चेहरे, हावभाव में वे समानता-धर्मनिरेपक्षता-भाईचारे का वह ज्ञान बांटते मिलेंगे जैसे बराक ओबामा अपने राज में बांटते हुए थे। और कल्पना करें अरविंद केजरीवाल यदि प्रधानमंत्री बने तो उनका नौजवान नेतृत्व दुनिया में क्या वैसा ही कौतुक नहीं पैदा किए हुए होगा, जैसा कम उम्र के मैक्रों के राष्ट्रपति बनने या ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने पर वैश्विक कूटनीति में बना है? नोट रखें दिल्ली की छोटी सी सरकार की झांकी से केजरीवाल ने जब राष्ट्रव्यापी हल्ला बना डाला तो प्रधानमंत्री बन कर वे दुनिया में निश्चित ही वह वाहवाही बनवा डालेंगे कि दुनिया के नेता, सिविल सोसायटी उनके दिल्ली मॉडल (भारत मॉडल) को देखने भारत आने लगेगी। आखिर प्रचार और झूठ में केजरीवाल क्या कोई मोदी से कम हैं!

यह भी जान लें कि नीतिश, केजरीवाल, खड़गे या ममता के लिए विदेश मंत्रालय तथा कूटनीति सेवा के कर्मचारी वैसे ही ताबेदारी करते हुए होंगे जैसे अभी जयशंकर प्रधानमंत्री के लिए कर रहे हैं या नटवर सिंह, राजीव गांधी के लिए तो वाजपेयी के लिए बृजेश मिश्र करते हुए थे। और हां, इसरो नीतीश, खड़गे, केजरीवाल के वक्त में तब भारतीय को बैठा कर चंद्रयान को चंद्रमा पर उतारते हुए होगा तो आदित्य के अलावा इसरो मंगलयान, शुक्रयान या शनियान के मिशनों पर भी काम करता हुआ होगा। क्या मैं गलत हूं? क्या नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री नहीं रहने के बाद इसरो खत्म हो जाएगा? जी-20, ब्रिक्स, सार्क या क्वाड, निर्गुट देशों का नई दिल्ली में आयोजन क्या खत्म हो जाएगा? जरा नौ वर्षों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों पर गौर करें। उनका क्या एक भी ऐसा काम है, जो खड़गे या केजरीवाल या नीतीश कुमार नहीं कर सकते? सोचें, नरेंद्र मोदी के ऐसे कौन से मौलिक-मूल काम है जो निजी तौर पर उनकी मौलिक प्रतिभा को इंगित करता हो? एक ही अकेला काम है और वह नोटबंदी का है। उनके बाकी तमाम काम संघ परिवार व भाजपा के घोषणापत्र में दशकों से चली आ रही घोषणाओं (जिन्हें राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी या अमित शाह, अनुराग ठाकुर आदि एक्सवाईजेड प्रधानमंत्री बनने पर करते) से हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# शक के आधार पर पति ने की पत्नी की गोली मारकर हत्या, और पति की हुई हार्ट अटैक से मौत

**कलवा।** कलवा शहर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जिसमें पति द्वारा अपनी पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी और उसके बाद पति की हार्ट अटैक से हुई मौत का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में कलवा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 1 सितंबर गुरुवार रात 10:00 बजे दिलीप सालवी वर्ष 57 रहवासी कुम्भार गली यशवंत निवास कलवा के बताए जा रहे हैं अपनी धर्मपत्नी प्रमिला सालवी वर्ष 52 के साथ वाद विवाद होने के कारण पति ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से पत्नी पर दो राउंड फायर कर दिए जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई और






उसके बाद पति की हार्ट अटैक से घटनास्थल पर ही मौत हो गई पुलिस ने बताया दिलीप सालवी पेशे से भवन निमार्ता थे और वह अपनी पत्नी पर शक किया करते थे शक के आधार पर ही दोनों का वाद-विवाद हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी पर सर्विस रिवॉल्वर से दो राउंड फायर कर दिए जिससे उसकी पत्नी की घटनास्थल पर मौत हो गई और उसके बाद पति की हार्ट अटैक से मौत हो गई उन दोनों पति-पत्नी से दो बच्चे हैं एक लड़का 24 वर्षीय और एक लड़की जिसकी शादी हो चुकी है स्थानीय रहवासियों द्वारा कलवा पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही कलवा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कन्हैया थोरात और ठाणे परिमंडल जोन एक के उपायुक्त गणेश गावडे समेत घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे जहां पर फॉरेंसिक टीम द्वारा सारे सबूतों को इकट्ठा किया गया शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु के लिए नजदीकी कलवा छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल भेज दिया गया आगे इस मामले की छानबीन कलवा पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है फिलहाल इस घटना से पूरे परिसर में दुख का माहौल छाया हुआ है।

# पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर की पत्नी की गला दबाकर हत्या

## सास ने की हत्या को आत्महत्या बताने की कोशिश, हत्या के बाद दूसरे दिन हुए घर के सभी सदस्य फरार

**मुंब्रा/अब्दुस समद खान।** नई नवेली 15 दिन की दुल्हन की पति और उसके ससुराल वालों ने मिलकर गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है लेकिन सास ने इस हत्या को आत्महत्या बताने की कोशिश की और दूसरे दिन घर से सभी सदस्य फरार हो गए इस मामले में स्थानीय रहवासियों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अंजुम फैसल खान वर्ष 22 रहवासी जुबली पार्क बिल्डिंग नंबर 5 चौथा मंजिला मकान नंबर 404 श्रीलंका देवरी पाड़ा रशीद कंपाउंड कौसा मुंब्रा की शादी फैसल अहमद खान से 15 दिन पहले हुई थी स्थानीय रहवासियों ने बताया फैसल अहमद खान और उसके परिवार वाले बीते एक साल पहले ही इस मकान में किराए पर रहने के लिए आए थे और इस मकान में फैसल अहमद खान, अंजुम फैसल खान,नबील खान,अपने माता-पिता के साथ रहते थे और अंजुम फैसल खान सिद्धार्थनगर यूपी की रहने वाली है जिनका मुंब्रा शहर में कोई भी







रिश्तेदार नहीं है फैसल अहमद खान की इसी परिसर में एक किराने की दुकान है जो देर रात तक खुली रहती है और फैसल की नशेड़ियों से काफी दोस्ती थी फैसल की एक शादी पहले भी हो चुकी है और चार महीने बाद फैसल ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया था जिसमें इन परिवार वालों ने काफी दान दहेज लिया था उसके बाद अंजुम से शादी की गई जिसके 15 दिन के बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई थी रहवासियों ने बताया कि इस परिसर में रहने से पहले फैसल कुर्ला में रहता था जहां पर किसी बैंक का लाखों का फ्रॉड करके वहां से भाग कर मुंब्रा में रहने के लिए आए हैं फिलहाल यह घटना 2 सितंबर शनिवार 2:30 बजे के बाद की बताई जा रही है रहवासियों को शाम 5:00 बजे तब चला जब यह लोग अंजुम की बॉडी को दवाखाने से लेकर घर पर आ रहे थे तभी स्थानीय रह वासियों को जानकारी मिली उसके बाद मुंब्रा पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही 8:00 मुंब्रा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश का पंचनामा कर फोरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा सारे सबूत को इकट्ठा कर लिया गया और लाश को नजदीकी छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु के लिए भेज दिया गया बताया जा रहा है सवेरे 3 सितंबर रविवार को जब पोस्टमार्टम के लिए अंजुम की लाश को पोस्टमार्टम हेतु के लिए ले जाया जा रहा था तभी इस वक्त फैसल अपने परिवार समेत घर से फरार हो गया है गौरतलाप बात तो यह है जिस तरह से फैसल और उसका परिवार फरार हो गया है उसे यह सिद्ध होता है कि यह आत्महत्या नहीं है यह पैसों की लालच और सूची समझी साजिश के तहत की गई हत्या है जिसे आत्महत्या बताने की कोशिश की जा रही थी फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सारा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा आगे मुंब्रा पुलिस किस तरह इन आरोपियों को अपने शिकंजे में लेती है यह देखने वाली बात होगी।

# बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर बीजेपी नेता के बेटे की लेम्बोर्गिनी का एक्सीडेंट

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर बीजेपी के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता के बेटे की लेम्बोर्गिनी कार का भयानक एक्सीडेंट हुआ है। नरेंद्र मेहता की चिरंजीवा की कार बांद्रा-वर्ली सी लिंक से गुजरते वक्त बड़े हादसे का शिकार हो गई। बीजेपी नेता के बेटे की तेज रफ्तार कार सी-लिंक की रेलिंग से टकरा गई। इस टक्कर में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में मेहता का बेटा बुरी तरह घायल हो गया।

## पृष्ठ 1 का समाचार

### भिवंडी में दो मंजिला मकान ढहा

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर के गौरीपाडा इलाके में आधी रात के करीब एक दो मंजिला मकान अचानक ढह गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। इससे इलाके में हड़कंप मच गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक, भिवंडी शहर के धोबी तालाब इलाके में दुर्गा रोड पर स्थित छह फ्लैट वाले एक मंजिला इमारत बीती रात भरभराकर गिर गई। भिवंडी फायर ब्रिगेड की टीम ने आधी रात को बचाव अभियान शुरू किया जो करीब तीन घंटे तक चला।

खबर मिलते ही ठाणे आपदा प्रतिक्रिया बल (टीडीआरएफ) की एक टीम और भिवंडी निजामपुर नगर निगम के फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे। रात में सर्च ऑपरेशन चलाया गया और सात लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में आठ महीने की एक बच्ची और एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान उज्मा आतिफ मोमिन (40) और तसलीमा मोसर मोमिन (8 महीने) के रूप में हुई है।

### पवई में 24 साल की एयर होस्टेस की हत्या

जाँच में यह बात सामने आई है कि घटना वाले दिन रूपल फ्लैट में अकेली थी। उसकी बहन और फ्लैट के अन्य साथी गांव गए हुए थे। जब पीड़िता के परिजन काफी देर से उसे फोन कर रहे थे, लेकिन वह फोन नहीं उठा रही थी। आखिरकार उन्होंने उसकी सहेली को फोन किया और फ्लैट में जाकर देखने के लिए कहा। जिसके बाद वारदात का खुलासा हुआ। बताया जा रहा है कि युवती की बेरहमी से गला रेतकर हत्या की गई है। मृतक युवती की सहेली ने भी काफी देर तक फ्लैट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी ने अंदर से दरवाजा नहीं खोला। आखिरकार जब दरवाजा तोड़कर अंदर जाया गया तो रूपल मृत पाई गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पवई पुलिस और क्राइम ब्रांच के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया है।

### पूरे महाराष्ट्र में लाठीचार्ज की गूंज...

राज्य के कई बड़े शहरों और जिलों में सुबह से ही बंद का असर दिख रहा है। व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखकर इस बंद का समर्थन किया है। कई जगहों पर प्रदर्शन भी हो रहे हैं। इस बंद को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बंद के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी से बचने के लिए पुलिस मुस्तैद है।

वहीं, कई जिलों में आज तीसरे दिन भी महाराष्ट्र परिवहन यानि एसटी बस सेवाएं बंद रहने से नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। आज धुला से औरंगाबाद जाने वाली बसें बंद रहने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। हिंगोली जिले के कलमनुरी, वसमत और हिंगोली तीन डिपो की 160 बसें आज भी ठप हैं। तीसरे दिन इन तीनों डिपो की सभी बस सेवाएं पूरी तरह से बंद हैं।

### जालना को मिला नया एसपी

वरिष्ठ अधिकारी शैलेश बलकवडे ने आज जालना के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार भी संभाल लिया है। शैलेश बलकवडे को सख्त अनुशासन वाले आईपीएस अधिकारी के तौर पर जाना जाता है। वे गोंदिया, नागपुर ग्रामीण, कोल्हापुर के पुलिस अधीक्षक रह चुके है। उनकी पत्नी कादंबरी बलकवडे आईएएस अधिकारी हैं।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय को शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिलवाकर ही चैन से बैठेगी। रविवार को बुलढाणा जिले में ह्यशासन आपल्या दारी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि उनके और राज्य के दो उपमुख्यमंत्रियों के बीच कोई गलतफहमी नहीं है और वे सभी एक अच्छी टीम की तरह काम कर रहे हैं।

सीएम शिंदे ने कहा, ह्यहमारी सरकार राज्य में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तब तक चुप नहीं बैठेंगे जब तक समुदाय को वाजिब आरक्षण नहीं मिल जाता है। जब तक मराठा लोगों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तब तक पहले से चल रही सरकारी योजनाएं जारी रहेंगी और मराठा लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन के साथ जीत हासिल की

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़।** राजस्थान अनूपगढ़ (नीलम प्रजापत) राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित हो रहे राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अपना दमखम दिखाया। टूनार्मेंट में कई शानदार मुकाबले हुए जिसमें खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। टूनार्मेंट में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, टेनिस बॉल क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, रस्साकशी की खेल प्रतियोगिताए हो रही है जिसमे महिलाएं भी बढ़चढ़कर खेल रही है। खेल मुकाबले लगातार जारी है। मोहम्मद तफेल ने बताया कि शनिवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम स्टेडियम अनूपगढ़ में अनूपगढ़ ग्रामीण और खाजूवाला ग्रामीण के बीच पुरुष वर्ग का कबड्डी मुकाबला हुआ



जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए अनूपगढ़ ग्रामीण की टीम विजयी रही। इसी तरह टेनिस बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित आईटीआई ग्राउंड में हुआ जिसमें खाजूवाला नगरपालिका की टीम ने अनूपगढ़ टीम को हराकर मुकाबला जीता। उन्होंने बताया कि महिला वर्ग फुटबॉल में अनूपगढ़ ग्रामीण ने घड़साना को, खो-खो महिला वर्ग में खाजूवाला ग्रामीण ने रायसिंहनगर ग्रामीण टीम को हराया। इसी तरह कबड्डी पुरुष वर्ग में खाजूवाला ग्रामीण ने विजयनगर नगर पालिका की टीम को, रायसिंहनगर ग्रामीण ने खाजूवाला नगर पालिका को, घड़साना ग्रामीण ने अनूपगढ़ नगर पालिका को तथा अनूपगढ़ ग्रामीण ने रायसिंहनगर पालिका को हराकर मुकाबला जीता। इसी तरह महिला कबड्डी में अनूपगढ़ ग्रामीण ने विजयनगर ग्रामीण को, रायसिंहनगर ग्रामीण टीम ने खाजूवाला ग्रामीण टीम को हराया तथा अनूपगढ़ ग्रामीण और घड़साना ग्रामीण के बीच हुए रोचक मुकाबले में अनूपगढ़ ग्रामीण के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए घड़साना ग्रामीण को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। इसके अलावा कई कडे मुकाबले देखने को मिले।

# खाजूवाला के रेहड़ी, छपर, खोके, धारकों ने विशाल जूलूस निकाला व सरकार के खिलाफ नारे लगाए

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़।** राजस्थान अनूपगढ (नीलम प्रजापत) अनूपगढ जिले के खाजूवाला के दुकान, छपर, रेहड़ी धारकों ने धरना लगाया। जिसमे एक की हालत नाजूक होने पर तबीयत बिगड़ने पर उसे हल्दीराम अस्पताल बीकानेर में भर्ती कराया गया। 23 मई 2023 को हटाए गए कब्जा धारकों को स्थाई दुकानें आवटंन करने को लेकर राजस्थान सरकार को भी पत्र प्रेषित किया है। सरकार से माग की है कि है वह सरदार हरदेव सिंह, महेश की अध्यक्षता में एक कमेठी बनाकर मांग करते हुए बताया है कि धरने का 32 वां दिन है ,आज खोखा धारकों ने काला दिवस मनाया व सरकार के विरोध में काले झंडे



लेकर पूरे बाजार में जुलूस निकाला गया। जिसमे काफी संख्या में पिड़ित लोगों ने अपनी पुर जोर मांग उठाते हुए नारे लगाए। जिसमें सैंकड़ों महिलाएं भी शामिल थी। उन्होंने बताया कि हमारी रोजी रोटी छीनने का अधिकार न तो सरकार के पास है न हीं प्रशासन के पास है। प्रशासन ने अपने अधिकारों का दुरूपयोग करते हुए सैंकड़ों लोगों की रोजी रोटी छीनी है और दुबारा पुनर्वास की कोई भी कोशिश नहीं कर रहे है। खोखा, रेहड़ी व दुकानदारों के बहुत बुरे हालात हो गये है व रोजी रोटी के लाले पड़ गये है। आपको बतादें कि स्थानीय प्रशासन के द्वारा फर्जी लोगों की लिस्ट बनाकर सरकार वह प्रशासन को भी गुमराह कर रहे है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि हमारे को10/10/ दुकान का अविलंब दी जावे ताकि हमारा भरण पोषण हो सके व हमारी आजीविका चल सके।

# अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में अव्वल थानाध्यक्ष विनय तिवारी, गुजैनी में एक दर्जन गिरफ्तार



## पुलिस ने घटना के 24 घंटे में भाड़े के दो हत्यारों समेत विभिन्न आरोपों में एक दर्जन से ज्यादा को दिखाय जेल का रास्ता

**सुनील बाजपेई /कानपुर।** यहां की गुजैनी पुलिस ने घटना का 24 घंटे के अंदर सटीक खुलासा करते हुए भाड़े पर हत्या करने वाले दो शातिरों के साथ ही वाहन चोरों ,छेड़खानी करने वालों और मादक पदार्थ तस्करों समेत विभिन्न आरोपों में एक दर्जन से अधिक लोगों को जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है।

इनमें 50 हजार के लेनदेन के विवाद में जीजा ने अपने ही साले साहिल की हत्या भाड़े के हत्यारे शिव सिंह उर्फ शिवम गौतम निवासी ग्राम सायपुर पोस्ट मेहरा थाना रसूलाबाद कानपुर देहात और बब्बन पुत्र मिश्री निवासी तात्याटोपे नगर से करवा दी थी। अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के इसी क्रम में वाहन चोरों , मादक पदार्थ तस्कर , छेड़खानी करने वालों समेत एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इन सभी आरोपियो को गिरफ्तार करने में जिस गुजैनी पुलिस को सफलता मिली है, थानाध्यक्ष के रुप में उसकी कमान आजकल अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के कठोर परिश्रमी सब इंस्पेक्टर विनय तिवारी के हाथ में है, जिनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

इसी के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के मानवीय दृष्टिकोण के भी प्रबल पक्षधर थानाध्यक्ष विनय तिवारी की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले थाना प्रभारी विनय तिवारी जहां उचित पात्र लोगों की ना केवल हर संभव सहायता करते हैं वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक यही नहीं तेजतर्रार और व्यवहार कुशल सब इंस्पेक्टर विनय तिवारी के यूपी पुलिस के अब तक के कार्यकाल विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रतिष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। सरल और शालीन स्वभाव के थानाध्यक्ष विनय तिवारी के कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में लगातार जारी इस प्रभावी अभियान से गुजैनी क्षेत्र की जनता पहले से ज्यादा राहत भी महसूस कर रही है।

# आम जनता के हित के लिए जल्द फैसले लेती है सरकार -मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

## सरकार आपके दार में17 लाख लोगों को लाभ पहुंचाया, मराठा समुदाय को स्थायी आरक्षण देंगे

**मुंबई हलचल /बुलढाणा।** राज्य सरकार आम नागरिक की सरकार है. जन-उन्मुख निर्णय लेने में अंतिम तत्व को केंद्र बिंदु के रूप में लिया जा रहा है। अब तक व्यापक जनता के निर्णयों को ही प्राथमिकता दी गई है। यह सरकार ही है जो प्राकृतिक आपदाओं या नागरिकों की मदद के लिए सड़क पर उतरती है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि आने वाले समय में भी आम आदमी के हित में तेजी से फैसले लिए जाएंगे।आज बुलडाणा के कड्हाळे ले आऊट के करीब मैदान में सरकार आपके दार कार्यक्रम आयोजित अमल में आया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने संबोधित करते हुए कहा, सरकार आम नागरिकों तक पहुंचने और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए अपना दारी कार्यक्रम लागू कर रही है। इस पहल के शुरू होने से सरकारी तंत्र सक्रिय हो गया है और योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंच रहा है। प्रदेश में लगातार कार्यक्रम हो रहे हैं. अब तक 1 करोड़ 61 लाख नागरिक इससे लाभान्वित हो चुके हैं। इस पहल को अपने नागरिकों के दरवाजे तक पहुंचाने वाला यह देश का एकमात्र राज्य है। आज अभियान से 1 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं और बुलडाणा जिले में अब तक 17 लाख 43 हजार लोग लाभा उठा चुके हैं. राज्य सरकार जनता के हित में निर्णय ले रही है। पूर्व में बंद की गई अनेक योजनाएं पुनः प्रारंभ की गई हैं। 32 सिंचाई परियोजनाओं को पुनरीक्षित स्वीकृति दी गई है। आठ लाख हेक्टेयर भूमि सिंचाई के दायरे में आएगी। नदी जोड़ो परियोजना, सूखा पीड़ितों को मदद, महिलाओं को बस यात्रा में रियायत, 75 हजार पद जैसे लाभकारी निर्णय लिये गये हैं। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य का विकास किया जा रहा है. महिलाओं के विकास के लिए बचत समूहों को बढ़ावा दिया जा रहा है। बचत समूहों को स्व-ब्याज दर पर ऋण सुविधा के साथ-साथ विपणन सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इंकके हाथो प्रतिनिधि स्वरूप में लाभार्थियों को लाभ वितरण किया गया।



### 'मराठा समाज को आरक्षण दिया जाएगा'

जालना जिले की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है. इस घटना के बाद कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाये गये हैं. जरूरत पड़ी तो न्यायिक जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही सरकार की भूमिका मराठा समुदाय को आरक्षण देने की भी है. यह आरक्षण अदालत में कायम रहेगा. आरक्षण की प्रक्रिया चल रही है. मुख्यमंत्री शिंदे ने आश्वासन दिया कि जब तक आरक्षण नहीं मिलेगा, वो चैन से नहीं बैठेंगे। इस अवसर पर पालकमंत्री तथा पाणीपुरवठा व स्वच्छता मंत्री गुलाबराव पाटील, ग्रामविकास व पंचायत राज मंत्री गिरीश महाजन, रोहयो मंत्री संदिपान भुमरे, मृद व जलसंधारण मंत्री संजय राठोड, खासदार प्रतापराव जाधव, रक्षा खडसे, आमदार किरण सरनाईक, डॉ. संजय कुटे, संजय रायमुलकर, आकाश फुंडकर, संजय गायकवाड, श्वेता महाले, विभागीय आयुक्त डॉ. निधि पाण्डेय, मनरेगा के महासंचालक नंदकुमार, विशेष पोलिस महानिरीक्षक जयंत नाईकनवरे, जिल्हाधिकारी भाग्यश्री विसपुते, जिल्हा पोलिस अधीक्षक सुनिल कडासने आदी उपस्थित थे।

# इस बार बिहार के युवा और नियोजित शिक्षक महागठबंधन के खिलाफ वोट करेंगे - मंजूर आलम

**सलीम आजाद/मधुबनी संवाददाता।** राजद जब चुनाव लड़ रही थी तो अपने मेनीफेस्टो में बिहार के 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात और नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा के साथ पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों को समाहित किया था और कहा था पहली कलम से ही करेंगे ये उनका चुनावी जुमला था जिसे बिहार के युवा और 6 लाख की संख्या में कार्यरत नियोजित शिक्षक ने सच मानकर चुनाव में भारी बहुमत दिया। निश्चित



रूप से बिहार के युवा और करीब 6 लाख की संख्या में कार्यरत नियोजित शिक्षक ठगा महसूस कर रहे हैं । युवा और नियोजित शिक्षक इस बार सरकार को धूल चटाने चुनाव में पटखनी देने के मुड में हैं। बिहार सरकार ने नियोजित शिक्षकों को हमेशा से प्रताड़ित करने का काम किया है नियोजित शिक्षकों के आंदोलन को यह कहके खत्म कर दिया के मानसून सत्र समाप्ति के बाद शिक्षक संघों से राज्यकर्मी के मुद्दे पर बात करेगी लेकिन संघों से बात न करके नियोजित शिक्षकों को धोखा दिया जिस वजह से नियोजित शिक्षक ठगा महसूस कर रहे हैं,और इस बार की चुनाव में सब हिसाब किताब बराबर करना चाहते हैं। दूसरी तरफ हम सभी के चहेते आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी ने वादा किया है कि अगर हमको जनता ने समर्थन दिया तो बिहार में रोजगार का बहार होगा। भरोसा रखिए आप ठगा महसूस नहीं करेंगे।इस लिए सभी युवाओं और नियोजित शिक्षकों सेअपिल है कि जन सुराज को अपना पूर्ण समर्थन दें, धन्यवाद।

# अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक गायत्री देवी को ज्ञापन सौंपा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़।** राजस्थान अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत एवं अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केसर सिंह चंपावत व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर गांधीवादी तरीके से अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ ब्लॉक शाखा सहाड़ा, जिला भीलवाड़ा की ओर से ग्राम मटुनिया में सहाड़ा विधायक श्रीमती गायत्री देवी त्रिवेदी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रणदीप त्रिवेदी मोनू भैया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में निम्न बिंदु थे1 प्रबोधोकों की पुरानी सेवा की गणना की जाए 2 प्रबोधक पदनाम को परिवर्तित करके अध्यापक एवं वरिष्ठ प्रबोधक को का नाम परिवर्तित करके वरिष्ठ अध्यापक किया जाए 3 वरिष्ठ प्रबोधक को मिडिल स्कूल का



प्रधानाध्यापक का दायित्व दिया जाए एवं पदोन्नति का तृतीय चैनल खोला जाए 4 शारीरिक प्रबोधकों के पद सृजित किया जाए 5 वरिष्ठ प्रबोधकों को वरिष्ठ अध्यापकों के समान अन्य परियोजनाओं एवं विभागों में प्रतिनियुक्ति की जाये। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र रेगर, ब्लॉक अध्यक्ष सहाड़ा रोशन लाल सालवी, ब्लॉक कोषाध्यक्ष शंकर लाल रेगर, कमलेश कुमार सालवी, लेहरु लाल कुमावत, धन सिंह रावत, लक्ष्मी नारायण लोहार, प्रकाश चंद्र जीनगर, नारायण सिंह हाड़ा, गनी मोहम्मद सैयद,अवधेश कुमार शर्मा, आदि कई प्रबोधक साथी उपस्थित थे। उक्त जानकारी अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र रेगर ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# आमेट में दो दिवसीय जश्न गुलाब शाह सम्पन्न, कव्वाल हजरात ने पेश किये शानदार कलाम

**संवाददाता सैय्यद अलताफ हुसैन**

**आमेट।** स्थानीय चन्द्रभागा नदी तट पर स्थित दरगाह कमेटी के तत्वावधान में आयोजित 2 दिवसीय दरगाह हजरत सैयद गुलाब शाह का 25 वां सालाना जश्न गुलाब शाह मुबारक शुक्रवार को कुल की रस्म और देश में अमन चेन की दुआओ के साथ इत्र व गुलाबजल के छींटो के साथ सम्पन्न हुआ। दरगाह कमेटी के सचिव अमीर मोहम्मद शोरगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रात 8:00 बजे दरगाह शरीफ पर झंडा पेश किया गया और उसके बाद कुरान खानी की रस्म के साथ 25 वें जश्न गुलाब शाह मुबारक की विधिवत शुरूआत की सदारत हजरत महबूब अली शाह साबरी र.अ. के सज्जादानशी सय्यद शाहिद अली साबरी द्वारा हुई, तत्पश्चात बाद दोपहर नगर के नया अंजुमन भवन से चादर शरीफ का जुलूस निकाल कर आस्ताना पर चादर पेश की गई, गुरुवार को ही रात्रि को 9:00 बजे से मिलाद शरीफ और रात को 10:00 बजे से हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल हजरात इम्तियाज साबरी एवम्-राजा सरफराज द्वारा कव्वाली पेश की गई। जश्न गुलाब शाह के दूसरे दिन प्रातः 10:00 से प्रोग्राम पुनः शुरू हुआ और करीब 4:00 बजे कुल की रस्म एवम्-देश में अमन चेन की दुआओ के साथ प्रोग्राम संपन्न हुआ। जश्न में आने वाले जायरीन हजरात के लंगर खाने की माकूल व्यवस्था लंगर ग्रुप द्वारा की गई है। दरगाह कमेटी द्वारा पूरे दरगाह परिसर को बेहतरीन साज सज्जा व रोशनी से सजाया गया, दरगाह कमेटी के मुताबिक इस मर्तबा करीब 3000 तीन हजार से ज्यादा जायरीन हजरात व प्रमुख सामाजिक राजनैतिक व गणमान्यजन ने प्रोग्राम में भाग लिया जिनमे प्रमुख रूप से चेयरमैन कैलाश मेवाड़ा, समाजसेवी दिलीप सिंह राव, सूरत सिंह दसाना, चंद्रभान सिंह सोलंकी के साथ आये सभी जायरीन एवम कव्वाल साबरी द्वारा ₹हम जिएंगे और मरेंगे ए वतन तेरे लिए₹ देश भक्ति गीत पर सभी दर्शक एवम महफिल में बैठे सभी मुख्य कार्यकर्ताओ सहित जूम उठे,जश्न में आये जायरीन और विशिष्ट अतिथियों का दरगाह कमेटी अध्यक्ष शराफत हुसैन फौजदार, सचिव अमीर मोहम्मद शोरघर, कोषाध्यक्ष आजाद मंसूरी व मेम्बर्स ने स्वागत किया।कुल की रस्म के दौरान पेश इमाम इरफान रजा साहब, मौलाना अर्शदुल कादरी, मौलाना हाजी अब्दुर रज्जाक, मौलाना फारुख हुसैन, हाफिज नवाबुल हसन, सय्यद अशरफ अली, हाजी मिरु खान, जाफर खान फौजदार, ताहिर अली शोरघर, जहुर भाई, तुफैल अहमद, सलीम मंसूरी, हाजी मुबारिक हुसैन मंसूरी, कासम खान मंसूरी, फारुख पठान, नूर मोहम्मद जी शेख सुल्तान बेग, इलाही बख्स, सरफराज खान,टीपू सुल्तान खान, जाकिर शाह, सैय्यद असरफ अली, इस्माइल पठान, गफ्फार खान मंसूरी, अकरम शेख, असलम उस्ता, खलील रंगरेज, रुस्तम मंसूरी, हाजी अब्दुल वहीद रहमानी, गौस मोहम्मद उर्फ भुरु छिपा, इरफान हुसैन छिपा, मुदस्सिर मंसूरी, एडवोकेट मोहम्मद नूर शेख, नसीर मोहम्मद मंसूरी, सद्दाम मंसूरी, असलम पठान, जावेद फौजदार, इमरान छिपा, बाबूलाल गर्ग, घनश्याम सिंह पवार, फारूक शाह, अजमत कुरैशी, कयाम कुरैशी, वकील डेंटर, फिरोज मंसूरी, हमीद शाह, फिरोज शेख, राजू मंसूरी, ईस्माइल उस्ता, रहमत शोरघर, अब्दुल रंगसाज, सोनू रंगरेज, बुंदू कुरैशी , मेराज बेग, इल्यास बेग, मुबारिक अब्बासी, कमर शोरघर, ईस्माइल खान पठान,सैयद प्पन खान,सलमा खान,वसीम राजा एवम देवगढ़, रायपुर,मोखुन्दा,राजनगर,कांकरोली, उदयपुर,जोधपुर,सरदारगढ़ आदि जगहों से आये जायरीन एवम सभी मौजूद रहे जिन्होंने उर्स में मॉनिटरीग की। उर्स समापन के अवसर पर अध्यक्ष शराफत हुसैन फौजदार ने उर्स के दौरान भाग लेने वाले सैलानी ग्रुप, आफत की फौज,मुस्लिम महासभा, हुसैनी युवा कमेटी, अमन क्लब, हुसैन लंगर ग्रुप, हिंदुस्तान टेंट हाउस सहित सभी का आभार व्यक्त किया संचालक जफर खान फौजदार ने किया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# सीएम के आगमन पर अचूक सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**चमोली।** पुलिस उपाधीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के जनपद आगमन एवं रात्रि प्रवास के दृष्टिगत अचूक सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश आज दिनाँक 03/09/2023 को माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड श्री पुष्कर सिंह धामी महोदय के ग्वालदम थराली आगमन एवं रात्रि प्रवास के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित कुमार सैनी व पुलिस उपाधीक्षक चमोली श्री प्रमोद कुमार शाह द्वारा ड्यूटी में नियुक्त समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की ब्रीफिंग ली गयी। ब्रीफिंग के दौरान महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के दृष्टिगत किए गए सुरक्षा-प्रबंधों की समीक्षा की गई तथा वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य के दृष्टिगत सभी अधिकारी, कर्मचारियों को सजग व सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। ड्यूटी में लगने वाले समस्त पुलिस बल को वीआईपी ड्यूटी के दौरान निर्धारित समय से अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर अपनी ड्यूटी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने तथा ड्यूटी स्थल व उसके आस-पास के स्थान को भली-भांति चेक करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तत्काल उच्चाधिकारी गणों को दिए जाने तथा वीआईपी से मिलने वाले व्यक्तियों पर भी सुरक्षा की दृष्टि से कड़ी नजर रखने के साथ ही समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की पहचान कर उनके ड्यूटी कार्ड चेक करने तथा उनको ड्यूटी के संबंध में भली-भांति ब्रीफ कर इस बात को सुनिश्चित कर लें कि ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी अपने ड्यूटी स्थल को छोड़कर किसी एक स्थान पर एकत्रित न हों, ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों को अनुशासन के साथ ड्यूटी करने तथा ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का बिल्कुल इस्तेमाल ना करने एवं बिना बताए अपने ड्यूटी प्वाइंट को न छोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने हिदायत दी गयी।



# स्वरोजगार की योजनाओं के प्रति युवाओं को होना होगा जागरूक प्रीति शुक्ला

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**देहरादून।** स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन देहरादून (उत्तराखंड) स्वावलंबी भारत अभियान उत्तराखंड प्रांत द्वारा युवाओं को जागरूक करने के लिए और स्वरोजगार को अपना ने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को उत्तरांचल पीजी कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल सेवला खुर्द देहरादून में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पवन शर्मा विभाग व्यवस्था प्रमुख राष्ट्रीय सेवक स्वयंसेवक संघ मुख्य अतिथि सत्येंद्र पवार महानगर सह कार्यवहां आरएसएस विशिष्ट अतिथि लता शर्मा क्षेत्रीय संयोजिका सेवा भारती व कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दीपांजीत कौर प्रधानाचार्य (पैरामेडिकल) उत्तरांचल (पी.जी.) कॉलेज ऑफ वायोमेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल ने की । स्वालंबी भारत अभियान प्रांत महिला समन्वयक प्रीति शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पवन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भारत का हर व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो जाए तो स्वावलंबी भारत बन जाएगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं की सोच को स्वरोजगार व उद्यमिता की दिशा दिखाना है। इस विचार को उनके मन-मस्तिष्क में स्थाई रूप से स्थापित करने व समाज में उद्यमिता के प्रति सम्मानजनक वातावरण निर्माण करने के लिए उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का केंद्र बिंदु जिले के सफल उद्यमियों का सम्मान, उनके द्वारा युवाओं को प्रोत्साहन, अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण, सहयोग व उद्यमिता का प्रचार - प्रसार है।मुख्य अतिथि सत्येंद्र पवार ने भी युवाओं को नौकरी की तलाश न कर खुद अपना ही रोजगार शुरू करने व स्वरोजगार मुख्य बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार ही एकमात्र उपाय है, जब तक हमारा युवा नौकरियों के पीछे भागना छोड़कर अपने आस पास रोजगार के अवसर नही तलाश करेगा तब तक न तो पलायन रुकेगा और ना ही बेरोजगारी की समस्याओं का समाधान निकलेगा उत्तराखंड के पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए हम उत्तराखंड के अंदर बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज एवं फैक्ट्रियां नहीं लगा सकते परंतु छोटे-छोटे लघु एवं कुटीर उद्योग के माध्यम से हम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं एवं उत्तराखंड में एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा दे सकते हैं वहीं पर महिला सशक्तिकरण को भी हम लघु एवं कुटीर उद्योग के माध्यम से बढ़ावा दे सकते हैं।



# पिथौरागढ़ पुलिस ने जाना वरिष्ठ नागरिकों का हाल

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के आदेशानुसार, जनपद क्षेत्रान्तर्गत निवासरत वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान व कुशलक्षेम जानने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डीडीहाट हिमांशु पन्त* के नेतृत्व में कोतवाली डीडीहाट पुलिस, थानाध्यक्ष गंगोलीहाट मंगल सिंह* के नेतृत्व में थाना गंगोलीहाट पुलिस तथा चौकी प्रभारी ओगला श्रीमती मीनाक्षी देव* के नेतृत्व में पुलिस टीम* द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछते हुए उनकी निजी, पारिवारिक, स्वास्थ्य सम्बन्धी, पुलिस विभाग या अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित समस्याओं के बारे जानकारी की गई तथा उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कुछ वरिष्ठ नागरिकों द्वारा युवाओं में बढ़ते नशे की लत पर चिंता व्यक्त की गयी, जिस पर पुलिस द्वारा नशे के कारोबार में लिप्त तथा शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाने का आश्वासन दिया गया । सभी वरिष्ठ नागरिकों को पुलिस सहायता नं0- 112, 9411112982 तथा उत्तराखण्ड पुलिस एप आदि* के बारे में जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल दिये गये नम्बरों पर सूचना देने हेतु बताया गया तथा हर सम्भव मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।*



# अपने को सेना का जवान बताकर 01 लाख 80 हजार रुपए की ठगी करने वाले अभियुक्त को पिथौरागढ़ पुलिस ने हाथरस उ0प्र0 से धर दबोचा

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पिथौरागढ़।** दिनांक 01.07.2023 को श्री विपिन चन्द्र ने कोतवाली पिथौरागढ़ में तहरीर दी थी कि एक व्यक्ति द्वारा फोन पर अपने को आर्मी परसन बताकर अच्छे दामों में कापियां मंगवाने के नाम पर 1भी लाख 80 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गयी है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पिथौरागढ़ में धारा 420 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह के आदेशानुसार, पुलिस उपाधीक्षक पिथौरागढ़ नरेन्द्र पन्त* के पर्यवेक्षण में पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा साईबर सैल की मदद से अभियुक्त मोरध्वज उर्फ अंकित कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम अंडोली थाना हुसैन जिला हाथरस उ0प्र0* को धारा 41क सीआरपीसी का नोटिस दिया गया । अभियुक्त को समय से पुलिस/ मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने हेतु हिदायत दी गयी ।



# छात्र/ छात्राओं को साइबर अपराध, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर दी गई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पिथौरागढ़।** थाना पांगला पुलिस द्वारा रा0इ0का0 पांगला में अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं को साइबर अपराध, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर दी गई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी। दिनाँक- 02.09.2023 को थानाध्यक्ष पांगला संतोष तिवारी* द्वारा राजकीय इण्टर कालेज पांगला* में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी, बाल अपराध, नशा मुक्ति, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षावृत्ति, महिला अपराध, साइबर क्राइम व उससे बचाव के तरीके तथा उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति आदि के साथ-साथ पुलिस हेल्पलाइन नम्बर डॉयल- 112, महिला हेल्पलाइन नं0- 1090, साइबर हेल्पलाइन नम्बर- 1930, सी0एम0 हेल्पलाइन नम्बर-1905 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



# शराब पीकर वाहन चलाने व शान्ति व्यवस्था भंग करने में कुल 02 लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पिथौरागढ़।** दुकान की आड़ में अवैध रुप से लोगों को शराब बेचने/ पिलाने में कोतवाली डीडीहाट पुलिस ने दुकान संचालक को किया गिरफ्तार शराब पीकर वाहन चलाने व शान्ति व्यवस्था भंग करने में कुल 02 लोगों को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के निर्देशानुसार, जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध शराब की बिक्री व तस्करी करने/ होटल- ढाबों की आड़ में शराब पिलाने/ बेचने वालों/ मिशन मर्यादा व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध की जा रही कड़ी वैधानिक कार्यवाही के क्रम में दिनांक- 02.09.2023 को पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाही की गई:- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डीडीहाट श्री हिमांशु पन्त* के नेतृत्व में पुलिस टीम कास्टेबल श्री गणेश टम्टा, कास्टेबल दिनेश जोशी द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग के दौरान कस्बा डीडीहाट में स्थित चायपानी की दुकान में चैकिंग/ छापेमारी कर दुकान संचालक, नरेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्र सिंह निवासी बांकू थाना डीडीहाट पिथौरागढ़* को दुकान में अवैध रुप से लोगों को शराब पिलाने/ बेचने पर गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कोतवाली डीडीहाट में धारा 21/60 आबकारी अधिनियम* के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उ0नि0 श्रीमती मीनाक्षी मनराल थाना जाजरदेवल, द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन चालक हिमांशु कालोनी पुत्र बालकृष्ण कालोनी निवासी सातसीलिंग को गिरफ्तार कर वाहन सीज किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अगस्त से लेकर सितंबर महीने तक रोजाना जरूर खाएं ये फल



स्वस्थ रहने के लिए ताजे फलों का सेवन करना बहुत जरूरी होता है। इसमें पाए जाने वाले पौषक तत्व शरीर को हैल्दी रखने का काम करते हैं। इन सुपर फूड्स को मौसम के अनुसार खाना चाहिए। अगर बात अगस्त और सितंबर की करें तो इस मौसम में थोड़ा सा बदलाव होने लगता है। इसी वजह से इन दिनों में लोग बीमार की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। खुद को बीमारियों से बचाने के लिए इन फलों का सेवन जरूर करें।

## आइए जानते हैं वह कौन से फल हैं जिनको अगस्त और सितंबर में जरूर खाना चाहिए।

**1. आम**
आम खाना सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें सैचरेटिड फैट, कोलेस्ट्रोल, सोडियम, विटामिन विटामिन इ-6, विटामिन अ, विटामिन उ और फाइबर भी पाया जाता है। जो लोग अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं उनको मैंगो शेक बनाकर पीना चाहिए।

**2. जामुन**
जामुन एक बरसाती फल है। इस खट्टा-मीठे फल में कैल्शियम, पोटैशियम, आयरन, काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन और विटामिन्स होते हैं जो हमें हैल्दी रखते हैं। इसके साथ ही इसमें आयरन, फोलेट, पोटेशियम और विटामिन आदि पोषक तत्वों से भरा होता है। जामुन खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है।

**3. अनार**
इन दिनों में अनार खाना बहुत फायदेमंह दोता है। अनार खाने शरीर में खून की मात्रा पूरी होने के साथ ही रंगत में भी निखार आता है। अगर बारिश के मौसम में आपको कभी खांसी-जुकाम हो तो अनार जरूर खाएं। इसके अलावा अनार खाने से रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**4. कीवी**
खट्टी-मीठी कीवी खाने में जितनी टेस्टी होती है। सेहत के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है। इसमें पाए जाने वाले पौषक तत्व हमें हैल्दी रखते हैं। इसके साथ ही जिन लोगों का पाचन तंत्र कमजोर होता है उनको कीवी जरूर खानी चाहिए।

**5. नाशपती**
नाशपती इस मौसम में पाई जाती है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। इसको खाने से हड्डियां मजबूत होती है। डायबिटीज और दिल के मरीजो को रोजाना नाशपती का सेवन करना चाहिए।

**6. चेरीज**
चेरीज खाना ज्यादातर लोगों को बहुत पसंद होता है। स्वाद से भरपूर चेरीज में कई पौषक तत्व पाए जाते हैं। इसको खाने से यूरिक एसिड की मात्रा कम होने के साथ ही जोड़ों के दर्द से राहत भी मिलती है।

**7. तरबूज**
अगस्त के महीने में तरबूज खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। तरबूज में मिठास, पानी और विटामिन ए की मात्रा ज्यादा होती है जो त्वचा और बालों के लिए अच्छा होता है।

## इस तरह करें गुड़ का इस्तेमाल, चेहरे पर नहीं रहेगा एक भी दाग-धब्बा!

गुड़ सेहत ही नहीं बल्कि स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें पाए जाने वाले गुण आयरन, कैल्शियम और पौष्टिक तत्व चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे को दूर करने के साथ ही रंगत निखारने का काम भी करता है। सबसे खास बात गुड़ बालों को मुलायम बनाने में भी यूजफुल है। आज हम आपको गुड़ किस तरह से आपको खूबसूरत बनाने में आपकी मदद करता है।

1. एक्ने और मुंहासों में लाभदायक
चेहरे पर एक्ने और मुंहासों को दूर करे के लिए गुड़ खाए। आप चाहे तो इसका पेस्ट भी चेहरे पर लगा सकते हैं। पेस्ट बनाने के लिए 1 चम्मच गुड़, 1 चम्मच टमाटर का रस, आधा चम्मच नींबू का रस, चुटकीभर हल्दी और थोड़ी गर्म ग्रीन टी मिलाएं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट तक लगाएं।

2. चेहरे की झुर्रियां
उम्र बढ़ने के साथ या फिर किसी और कारण से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती है। गुड़ में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट चेहरे को रिंकल फ्री रखते हैं। गुड़ को खाने से झुर्रियां कम होने के साथ ही उम्र भी कम लगेगी।

3. खूबसूरत बाल
गुड़ में मुल्तानी मिट्टी, दही और पानी मिलाकर एक पैक बनाएं। इस पैक को बाल धोने से एक घंटा पहले लगा लें। इसके बाद ठंडे पानी से बाल धो लें। ऐसा करने से बाल मुलायम होने के साथ ही चमकदार भी होंगे।

4. स्किन के लिए जरूरी
गुड़ में पाए जाने वाले विटामिन्स और मिनरल्स स्किन के लिए बहुत जरूरी होते हैं। गुड़ खाने से कब्ज से राहत मिलती है। जब आपका पेट साफ होता है स्किन ग्लों करने लगेगी। रोजाना 1 गिलास गुनगुने पानी में गुड़ डालकर रोजाना पीएं।

5. खून साफ करता
गुड़ खाने से खून साफ होने के साथ एनीमिया की समस्या से भी राहत मिलती है। खून साफ होने से पिपंल्स भी नहीं होते।




## शादी के दिन चाहिए परफैक्ट लुक तो ट्राई करें ये प्री-वैडिंग ब्यूटी टिप्स

अपनी शादी का दिन हर किसी के लिए खास होता हैं। दूल्हा-दुल्हन शादी से कुछ महीने पहले ही अपनी सेहत व सौंदर्य पर ध्यान देना शुरू कर देते हैं। शादी के दिन दूल्हें से ज्यादा सभी की नजरें दुल्हन पर टिकी होती है इसलिए दुल्हन को शादी से पहले अपनी ब्यूटी को निखारने के लिए काफी प्लानिंग करनी पड़ती हैं। चलिए आज हम आपको शादी से पहले किए जाने वाले कुछ ब्यूटी टिप्स बताते है जिन्हें शादी के 1 महीना पहले ट्राई करना शुरू करेंगे तो शादी के दिन दुल्हन के चेहरे पर नैचुरल ग्लो आएगा।

**1. सी.टी,एम**
चेहरे पर नियमित क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग करें। इससे स्किन पर चमक आएगी व स्किन हमेशा यंग दिखेगी। वहीं क्लींजिंग चेहरे पर मौजूद गंदगी को साफ कर चेहरे के बंद हुए पोर्स को खोलने में मदद करेंगी। टोनिंग के जरिए रोम छिद्रों में कसाव आएगा। मॉइस्चराइज करने से चेहरे पर नमी बनी रहेगी।

**2.एक्सफोलिएट**
स्किन के डेड सेल्स व ब्लैकहैड्स को दूर करने के लिए त्वचा को एक्सफोलिएट करना जरूरी है। सप्ताह में 2 या 3 बार चेहरा धोने से पहले अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करें। त्वचा को एक्सफोलिएट करने से पहले माइल्ड फेसवॉश का इस्तेमाल करें। इसके बाद होममेड स्क्रबिंग करें। इसके लिए चावल के आटे में गेंहू का आटा मिलाकर स्किन को एक्सफोलिएट करें।

**3. फेशियल व हेयर स्पा**
शादी से कम से कम छह महीने पहले ही चेहरे व बालों को स्पा देना शुरू कर दें। महीने में एक बार जरूर अपने बालों व स्किन को स्पा दें। इससे स्किन ग्लोइंग व हेयर शाइनी बनेंगे। किसी भी तरह का कैमिकल्स वाला हेयर स्पा और मास्क इस्तेमाल करने से पैच टेस्ट जरूर लें।



**4.क्लीनिंग सेटिंग्स और होममेड उपचार**
स्किन पर कई तरह मार्क्स या स्पोट्स हटाने के लिए क्लीनिंग सेटिंग्स आपको जल्दी स्पॉट-फ्री स्किन दिलाने में मदद कर सकती हैं। अगर आपकी त्वचा पैची, सनबर्न पिग्मेंटेशन की वजह से खराब हो गई है तो ऑफिशियल ट्रीटमेंट लें। इसके अलावा आप होममेड फेशियल जैसे मैश की हुई स्ट्रॉबेरी, सेब, पपीते का पैक बना चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

